दिनांक 26.04.2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

लाॅकडाउन में नियमों का उल्लंघन करने वालों की सतत हो रही है निगरानी , जुर्माना भी किया जा रहा है वसूल

भिलाईनगर/ कोरोनावायरस के तहत नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ निगम प्रशासन सख्त कार्यवाही कर रहा है। बिना मास्क लगाए ग्राहक व दुकानदारों, सार्वजनिक क्षेत्रों में अनावश्यक घूमने वालों , बिना मास्क के बाहर निकलने वाले व दुपहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन में अधिक लोग पाए जाने पर अर्थदंड की कार्यवाही की जा रही है। आज की कार्यवाही में निगम के विभिन्न क्षेत्रों के 34 लोगों से 3250 रुपए अर्थदंड वसूला गया। शहर के विभिन्न चौक चैराहों में तैनात होकर निगम के सभी जोन के स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करने , सार्वजनिक स्थानों पर थूकने , दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों में अधिक व्यक्ति पाये जाने पर कार्यवाही कर रहे है। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा लगातार टीम बनाकर कार्यवाही की जा रही है। आज भिलाई निगम क्षेत्र में कुल 34 लोगों से 3250 रूपए अर्थदंड वसूली की कार्यवाही की गई।

जनसम्पर्क अधिकारी